SAMPLE MODULE

NEET

CHEMISTRY

परमाणु संरचना

Theory With Solved Examples.

Practice Section (DPP)

Topicwise, NCERT Based & Analytical Exercise

Previous Year Questions (15 Years)

Online Platform for NEET, JEE & NTSE

NEET Module Details

(Total = 24)

CLASS - XI : 13 MODULES

PHYSICS

Module - 1	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Mathematical Tools
2.	Vector
3.	Unit, Dimension and Measurement
4.	Kinematics
5.	Newton's Laws of Motion
Module - 2	
1.	Work Power and Energy
2.	Center of Mass & Collision
3.	Rotational Motion
4.	Gravitation
Module - 3	
1.	Fluid Mechanics
2.	Surface Tension
3.	Elasticity & Viscosity
4.	Simple Harmonic Motion
5.	Wave Motion
Module - 4	
1.	Thermometry & Calorimetry
2.	Thermal Expansion
3.	Kinetic Theory of Gases
4.	Thermodynamics
5.	Heat Transfer

CHEMISTRY

Module - 1	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Some Basic Concept of Chemistry
2.	Atomic Structure
3.	Redox Reactions
4.	States of Matter
Module - 2	
1.	Chemical Equilibrium
2.	Ionic Equilibrium
3.	Chemical Thermodynamics And Energetics
Module - 3	
1.	Periodic Table and Periodic Properties
2.	Chemical Bonding
3.	Hydrogen and its compounds
4.	s-Block elements
5.	p-Block (13 to 14 groups)
Module - 4	
1.	IUPAC
2.	Isomerism
3.	GOC-I
4.	Hydrocarbons
5.	Environmental Chemistry

BIOLOGY

Module - 1	
Ch. No.	Chapter Name
1.	The Living World
2.	Biological Classification
3.	Plant Kingdom
4.	Morphology of Flowering Plants
5.	Anatomy of Flowering Plants
Module - 2	
1.	Animal Kingdom
2.	Structural Organisation in Animals
3.	Cell: The unit of life
4.	Cell cycle and cell division
5.	Biomolecules

Module - 3	
Ch. No.	Chapter Name
1.	Transport in Plants & Mineral Nutrition
2.	Photosynthesis in Higher Plants
3.	Cell Respiration in Plant
4.	Plant Growth & Development
5.	Enzymes
Module - 4	
1.	Digestive System
2.	Respiratory System
3.	Body Fluids and Circulation
4.	Excretory System
Module - 5	
1.	Locomotion and Movement
2.	Neural Control and Coordination
3.	Chemical Coordination and Integration

NEET : Chemistry

Sample Module

STUDENT NAME:_____

SECTION: _____ ROLL NO: _____

NEET Sarthi

CONTENTS

Chapter No.	Topic	Page No.
1.	परिचय (INTRODUCTION)	01
2.	डॉल्टन का परमाणु सिद्धान्त (DALTON'S ATOMIC THEORY)	01
3.	परमाणु के मूलभूत कण (FUNDAMENTAL PARTICLES)	01
4.	प्रोटॉन (PROTON)	02
5.	न्यूट्रॉन (NEUTRON)	03
6.	थॉमसन का परमाणु मॉडल (THOMSON'S ATOMIC MODEL)	04
7.	रदरफोर्ड का स्वर्ण पत्रिका प्रयोग (RUTHERFORD'S ATOMIC MODEL)	04
8.	रदरफोर्ड मॉडल के अनुप्रयोग (APPLICATIONS OF RUTHERFORD MODEL)	05
9.	PRACTICE SECTION-01 & ANSWER KEY	07
10.	विद्युत चुम्बकीय तरंग (EM waves) सिद्धांत या विकिरण उर्जा (ELECTROMAGNETIC WAVES (EM WAVES) THEORY OR (RADIANT ENERGY)	08
11.	वैद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम (ELECTROMAGNETIC SPECTRUM)	08
12.	प्लांक का क्वांटम सिद्धान्त (PLANCK'S QUANTUM THEORY)	09
13.	प्रकाश विद्युत प्रभाव (PHOTOELECTRIC EFFECT)	10
14.	बोहर का परमाणु मोडल (BOHR'S ATOMIC MODEL)	11
15.	बोहर मॉडल के अनुप्रयोग (APPLICATION OF BOHR'S MODEL)	12
16.	PRACTICE SECTION-02 & ANSWER KEY	15
17.	स्पेक्ट्रम (SPECTRUM)	15
18.	हाइडोजन लाइन स्पेकटम या हाइडोजन स्पेकटम (HYDROGEN LINE SPECTRUM OR HYDROGEN SPECTRUM)	17
19.	परमाणु का तंरग यांत्रिकी मॉडल (WAVE MECHANICAL MODEL OF AN ATOM)	19
20.	PRACTICE SECTION-03 & ANSWER KEY	21
21.	क्वांटम संख्याए (QUANTUM NUMBER)	22
22.	s-कक्षक की आकृति (SHAPE OF ATOMIC ORBITALS)	24
23.	इलेक्ट्रॉनिक विन्यास (ELECTRONIC CONFIGURATION)	26
24.	PRACTICE SECTION-04 & ANSWER KEY	30
25.	अर्ध पूरित और पूर्ण पूरित कक्षकों का अतिरिक्त स्थायीत्व (EXTRA STABILITY OF HALF FILLED AND COMPLETELY FILLED ORBITALS)	31
26.	EXERCISE-I	33-46
27.	EXERCISE-II	47-51
28.	EXERCISE-III	52-55
29.	ANSWER KEY	56

❖ PREFACE ❖

This module covers the theoretical concepts associated with NEET syllabus and contain sufficient multiple choice and previous year questions. We are confident that students would find this module helpful for their preparations.

Research & Development team of NEET Sarthi keeps working to improve the study material. Suggestions and inputs from students and readers are always welcome.

About NEET Sarthi

NEET Sarthi, A platform for JEE, NEET, NTSE and other competitive exams, is an initiative by highly renowned faculties from Kota (the coaching capital of India) and Tech team from Bangalore (the Silicon Valley of India). Our mission is to provide extensive and high-quality education to students. Specially, our vision is to be top most institute in terms of academic quality & student care.

Our top Faculties teaches students in 2-way online interactive classes. We create high quality questions and video solutions for NEET/ JEE preparation. Every time you use NEET Sarthi App for NEET & NTSE and JEE Sarthi app for JEE mains & advanced, you move one step closer to fulfill your dream to become a Doctor or Engineer!

"If you can dream it, you can do it" **-Dr. A.P.J. Abdul kalam**

NEET SARTHI **(Brand owned by registered company)**

Copyright © 2021 Sarthee Neet Guru Academy LLP, Kota (Raj.)

All rights reserved exclusively with Sarthee Neet Guru Academy LLP. No part of this publication may be reproduced, distributed, redistributed, copied or transmitted in any form or by any means, including photocopying, recording, or other electronic or mechanical methods, without the prior written permission of Sarthee Neet Guru Academy LLP.

NEET Sarthi

Chapter-02

परमाणु संरचना (Atomic Structure)

- डाल्टन का परमाणु सिद्धांत
- मौलिक कण
- थॉमसन का परमाणु मॉडल
- रदरफोर्ड का परमाणु मॉडल
- विद्युत चुम्बकीय तरंगें (EM तरंगें) सिद्धांत या विकिरण ऊर्जा
- प्लैंक का क्वांटम सिद्धांत
- फोटोइलेक्टिक प्रभाव
- बोहर का परमाणु मॉडल
- स्पेक्टम
- हाइडोजन लाइन स्पेक्टम या हाइडोजन स्पेक्टम
- क्वांटम संख्या
- परमाणु कक्षकों का आकार
- इलेक्टॉनिक विन्यास

परिचय (INTRODUCTION)

(a) वैज्ञानिक जगत में परमाणु शब्द का उपयोग सर्वप्रथम डाल्टन द्वारा किया गया।
(b) इनके अनुसार पदार्थ/द्रव्य अतिसुक्ष्म अविभाजित कणों से मिलकर बना होता है जिसे परमाणु कहते हैं।
(c) यह रासायनिक अभिक्रियाओं में भाग लेता हैं।
(d) परमाणु को न तो बनाया जा सकता हैं न ही नष्ट किया जा सकता हैं।

डॉल्टन का परमाणु सिद्धान्त (DALTON'S ATOMIC THEORY)

डाल्टन ने स्थिर अनुपात का नियम तथा द्रव्यमान संरक्षण के नियम के आधार पर परमाणु सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। उसने, इस सिद्धान्त के तर्क संगत क्रम के आधार पर गुणित अनुपात के नियम का भी प्रतिपादन किया।

इस सिद्धान्त के कुछ तथ्य निम्न हैं –

(a) प्रत्येक तत्त्व अतिसूक्ष्म कणों से मिलकर बना होता है जिसे परमाणु कहते हैं।
(b) निश्चित तत्त्व के सभी परमाणु एक जेसे जबकि अन्य के भिन्न प्रकार के होते हैं।
(c) परमाणु प्रत्येक तत्त्व का अन्तिम कण है, जिसका द्रव्यमान होता है लेकिन कोई संरचना नहीं होती।
(d) परमाणु अविभाज्य है अर्थात न तो इसको बनाया जा सकता हैं, न ही नष्ट किया जा सकता हैं।
(e) तत्त्व के परमाणु रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेकर अणु का निर्माण करते हैं।
(f) विभिन्न तत्त्वों के परमाणु निश्चित, पूर्णाक संख्या तथा अनुपात में जुड़कर संयुक्त परमाणुओं (जिन्हे अब अणु कहा जाता हैं) का निर्माण करते हैं।

परमाणु के मूलभूत कण (FUNDAMENTAL PARTICLES)

1. इलेक्ट्रॉन (Electron)

(a) इलेक्ट्रॉन की खोज सर जे. जे. थामसन द्वारा की गई।
(b) इलेक्ट्रॉन पर आवेश (e) (-1.6×10^{-19}) कूलॉम्ब (मिलिकन) हैं।
(c) इलेक्ट्रॉन का मोल भार 5.48×10^{-4} ग्राम/मोल हैं।
(d) गतिशील इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान निम्न प्रकार दिया जाता हैं।

$$m' = \frac{m}{\left(1-\frac{v^2}{c^2}\right)^{½}}$$

जहाँ m' = गतिशील इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान
m = इलेक्ट्रॉन का विराम में द्रव्यमान,
v = इलेक्ट्रॉन का वेग
c = प्रकाश का वेग

(e) विद्युत या चुम्बकीय क्षेत्र में विक्षेपण के अध्ययन के अनुसार सन् 1897 में जे. जे. थामसन ने इलेक्ट्रॉन के लिये e/m मान (आवेश / द्रव्यमान) ज्ञात किया।
इलेक्ट्रॉन का e/m = (–)1.7588 x 10^8 कूलॉम्ब

(f) प्रथम बार सही इलेक्ट्रॉन आवेश की गणना मिलिकन द्वारा 1909 में तेल बिन्दु प्रयोग द्वारा की गई।
e (आवेश) = (–) 1.6022 x 10^{-19} कूलॉम्ब

(g) आवेश (e) तथा e/m की गणना के आधार पर इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान की गणना भी की गई।
= 9.1096 x 10^{-31} किग्रा.

❖ **कैथोड किरणें**



(a) इलेक्ट्रॉन की खोज, विर्सजन नलिका में अत्यन्त निम्न दाब पर भरी गैस से विद्युत–धारा प्रवाहित करने के परिणाम स्वरूप हुयी। (विर्सजन–नलिका प्रयोग)

(b) जब इलेक्ट्रोड़ों के मध्य 10,000 वोल्ट या इससे उच्च विभव प्रवाहित किया जाता हैं तो कुछ अदृश्य किरणे केथोड से एनोड़ की तरफ गति करती हैं जिसे कैथोड किरणें कहा जाता हैं।

➢ **कैथोड किरणों में निम्न लक्षण पाये जाते हैं –**

(i) कैथोड किरणें उच्च वेग से सीधी रेखा में गमन करती हैं तथा अपने पथ में उपस्थित वस्तु की छाया निर्मित होती हैं।

(ii) इसके पथ में उपस्थित वस्तु को यांत्रिक गति प्रदान करती हैं, जिससे यह इंगित होता है कि कैथोड किरणें कणों से निर्मित होती हैं।

(iii) जब विसर्जन नलिका के विद्युत क्षेत्र या चुम्बकीय क्षेत्र में रखा जाता है तो कैथोड किरणें विक्षेपित हो जाती हैं अर्थात ये आवेशित कणों से मिलकर बनी हैं।

(iv) कैथोड किरणें कठोर धातु जैसे–टंगस्टन, ताँबा आदि से टकराती हैं तो X – विकिरण उत्पन्न करती हैं।

(v) यदि कैथोड किरणो को पतली धात्विक पन्नी पर बौछार किया जाता हैं तो पन्नी गरम हो जाती हैं अर्थात इन किरणों में गर्म करने की क्षमता उपस्थित हैं।

(vi) एनोड के पार जब ये किरणें काँच की दीवार से टकराती है तो हरे रंग की प्रतिदिप्ती उत्पन्न होती हैं, तथा जिंक सल्फाइड पर्दे से टकराने पर प्रकाश उत्पन्न करती हैं।

(vii) धातु या एल्युमिनियम की पतली पट्टी को भेद देती हैं।

(viii) फोटोग्राफिक प्लेट को प्रभावित करती हैं।

(ix) आवेश व द्रव्यमान का अनुपात जो कि e/m है, यह सभी कैथोड किरणों के लिये समान होता है यह विसर्जन नलिका में भरी गैस पर निर्भर नहीं करता हैं।

2. प्रोटॉन (Proton)

(a) प्रोटॉन की खोज गोल्डस्टीन द्वारा की गई।

(b) प्रोटॉन पर इकाई धनावेश अर्थात + 1.602 x 10^{-19} कूलॉम्ब होता हैं।

(c) प्रोटॉन का द्रव्यमान 1.672 x 10^{-27} kg या 1.0072 (परमाणु द्रव्यमान इकाई) होता हैं।

(d) प्रोटॉन को अधि–परमाणु कण (sub-atomic particle) के रूप में परिभाषित किया गया, जिसका द्रव्यमान 1 amu तथा आवेश +1 इकाई हैं।

➢ **धनात्मक किरणें या एनोड किरणें तथा प्रोटॉन की खोज :**

(a) परमाणु में धनात्मक आवेशित कण की उपस्थिति सर्वप्रथम ई. गोल्डस्टीन ने 1886 में दर्शाई।

(b) गोल्डस्टीन ने इस प्रयोग की छिद्राकार कैथोड के साथ पुनरावृत्ति की।

(c) जब इलेक्ट्रोडो के मध्य उच्च विभव लगाया गया तो पाया कि कैथोड से एनोड की तरफ किरणों के प्रवाह के साथ साथ एनोड से कैथोड की तरफ भी विकिरण गति करते हैं जो कैथोड के छिद्रो के आर पार निकल जाते हैं। जिसे कैनाल किरणें या एनोड किरणें कहा जाता हैं।



➢ **एनोड किरणों के निम्न लक्षण हैं –**

(i) एनोड किरणें उच्च वेग से सीधी रेखा में गमन करती हैं तथा अपने पथ में उपस्थित वस्तु की छाया निर्मित होती हैं

(ii) चुम्बकीय या विद्युत क्षैत्र द्वारा इनका विक्षेपण कैथोड किरणों से विपरित होता हैं अर्थात ये धनावेशित होती हैं।

(iii) इन किरणों में गतिज ऊर्जा होती है तथा ये ऊष्मीय प्रभाव दर्शाती हैं।

(iv) इनका e/m अनुपात इलेक्ट्रॉन से कम होता है अर्थात ये e से भारी हैं।

(v) कैथोड किरणों से विपरित इनका e/m अनुपात विसर्जन नलिका में भरी गैस की प्रकृति पर निर्भर करता हैं अर्थात गैस बदलने पर अनुपात भी बदल जाता हैं।

(vi) ZnS पर्दे पर टकराने पर प्रकाश की चमक उत्पन्न करती हैं।

(vii) ये किरणें पतली धात्विक पन्नी को ही पार कर सकती हैं।

(viii) ये गैसों का आयनीकरण करने में सक्षम हैं।

(ix) ये भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तन उत्पन्न करती हैं।

3. न्यूट्रॉन (Neutron)

(a) सभी परमाणुओं (हाइड्रोजन के अलावा) का परमाणु भार उनके परमाणु क्रमांक से अधिक होता हैं, इसलिये रदरफोर्ड ने बताया कि परमाणु में तीन मूलभूत कण पाये जाते हैं।

(b) यह विद्युत उदासीन होता है तथा इसका द्रव्यमान प्रोटोन के लगभग बराबर हैं, विद्युत उदासीन होने के कारण इसका नाम न्यूट्रॉन रखा गया।

(c) जैम्स चैडविक (1932), ने बेरिलियम पर α – कणों की बौछार द्वारा विद्युत तथा चुम्बकीय उदासीन विकिरण प्राप्त किये।

(d) नाभिकीय अभिक्रिया निम्न प्रकार सम्पन्न होती हैं।

$$_4Be^9 + _2He^4 \longrightarrow _6C^{12} + _0n^1$$

(e) न्यूट्रॉन अधिपरमाण्विक कण है जिसका द्रव्यमान 1.675×10^{-24} ग्राम या लगभग 1 amu अर्थात लगभग प्रोटोन के द्रव्यमान के बराबर तथा इस पर कोई आवेश नहीं होता हैं।

मूलभूत कण सारणी (Fundamental Particles)

परमाणु तीन मूलभूत कणों से बने होते है। इन मूलभूत कणों का आवेश तथा द्रव्यमान निम्न प्रकार है :

		इलेक्ट्रॉन	प्रोटॉन	न्यूट्रॉन
प्रतीक		e या $_{-1}e^0$ या e^-	P या $_1p^1$	n या $_0n^1$
द्रव्यमान	किग्रा	9.109534×10^{-31}	$1.6726485 \times 10^{-27}$	$1.6749543 \times 10^{-27}$
	परमाणु द्रव्यमान इकाई (amu)	5.4858026×10^{-4}	1.007276471	1.008665012
	स्बंधित (amu)	1/1837	1	1
आवेश	वास्तविक (C में)	$1.6021892 \times 10^{-19}$	$1.6021892 \times 10^{-19}$	0
	संबंधित	-1	+1	0

एक इकाई आवेश = 4.80298×10^{-10} esu = 1.60210×10^{-19} कूलाम्ब

एक परमाणु द्रव्यमान इकाई = $\frac{1}{12} \times {}_6C^{12}$ परमाणु का द्रव्यमान

थॉमसन का परमाणु मॉडल (THOMSON'S MODEL)

यह परमाणु में इलेक्ट्रॉन तथा प्रोटोन की व्यवस्था दर्शाता है। इसके मुख्य बिन्दु निम्न है –

(a) इलेक्ट्रॉन तथा प्रोटोन की खोज के बाद इनकी परमाणु में व्यवस्था ज्ञात की गई। इसका प्रथम प्रयास जे. जे. थॉमसन द्वारा किया गया, जिसे थॉमसन का परमाणु मॉडल कहते हैं।

(b) इन्होने दर्शाया कि धनावेश पूरे परमाणु गोले में फैला हुआ हैं (जिसकी त्रिज्या 10^{-8} cm हैं) जिसमें इलेक्ट्रान बीच–बीच में उपस्थित रहकर इसे विद्युत उदासीन बनाते हैं।



(c) यह मॉडल रदरफोर्ड के α – कण प्रकीर्णन (स्केटरिंग) के प्रायोगिक परिणामों को समझा नहीं सका, अतः असफल रहा।

रदरफोर्ड का स्वर्ण पत्रिका प्रयोग (RUTHERFORD GOLD FOIL EXPERIMENT)

रदरफोर्ड ने परमाणु पर रेडियम से उत्पन्न उच्च वेग युक्त धनावेशित α - कणों की बौछार की, तथा निम्न प्रेक्षण दिये, जो कि प्रयोग पर आधारित हैं।



प्रेक्षण (Observation)

(a) अधिकतर α - कण (लगभग 99%) बिना विक्षेपित हुए सीधी रेखा में आर–पार निकल जाते हैं।

(b) कुछ α - कण परमाणु के केन्द्र से अत्यधिक नजदिक से गुजरते है तथा छोटे से कोण से विक्षेपित होते हैं।

(c) बहुत ही कम कण उसी पथ से लौट आते हैं (180º) .



➢ परमाणु मॉडल (Atomic model)

(a) अधिकतर α - कण सीधे गुजर जाते है अर्थात परमाणु का अधिकतम भाग रिक्त हैं।

(b) परमाणु का केन्द्र धनावेशित हैं जिसे नाभिक कहते हैं, जो धनावेशित α -कणों को प्रतिकर्षित करता हैं। जिससे α - कणों की दिशा बदलती हैं।

(c) परमाणु का सम्पूर्ण भार नाभिक में निहित है जिसका आकार बहुत ही छोटा 10^{-13} cm हैं। यह दर्शाता है कि नाभिक का आकार पूर्ण परमाणु के आकार से 10^{-5} गुणा छोटा हैं।

❖ रदरफोर्ड मॉडल के अनुप्रयोग (APPLICATIONS OF RUTHERFORD MODEL)

विकीर्णन प्रयोग के आधार पर, रदरफोर्ड ने परमाणु का मॉडल दिया, जिसे नाभिकीय परमाणवीय मॉडल कहते है, इस मॉडल के अनुसार –

(i) परमाणु में एक भारी धनावेशित नाभिक होता है, जहां सभी प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन उपस्थित होते है। प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन को एक साथ न्यूक्लिऑन कहते है। परमाणु का समस्त द्रव्यमान इन न्यूक्लि ऑन द्वारा ज्ञात किया जाता है। नाभिक पर धन आवेश का परिमाण अलग–अलग परमाणु के लिए अलग–अलग होता है।

(ii) नाभिक का आयतन बहुत कम होता है तथा परमाणु के कुल आयतन का अतिअल्प भाग होता है। नाभिक व्यास 10^{-12} से 10^{-13} सेमी कोटि का होता है तथा परमाणु का व्यास 10^{-8} सेमी. की कोटि का होता है।

$$\frac{D_A}{D_N} = \frac{\text{परमाणु का व्यास}}{\text{नाभिक का व्यास}} = \frac{10^{-8}}{10^{-13}} = 10^5, \quad D_A = 10^5\, D_N$$

इस प्रकार परमाणु का व्यास नाभिक के व्यास का 10^5 गुना होता है।

- नाभिक की त्रिज्या न्यूक्लिऑन की संख्या के धनमूल के समानुपाती होती है।

$R \propto A^{1/3}$ $\Rightarrow R = R_0 A^{1/3}$ सेमी

जहाँ $R_0 = 1.33 \times 10^{-13}$(एक नियतांक) , A = द्रव्यमान संख्या (p + n) तथा R = नाभिक की त्रिज्या

$$\boxed{R = 1.33 \times 10^{-13} A^{1/3} \text{cm}}$$

(iii) नाभिक के चारों ओर का खाली स्थान बाह्य नाभिकीय भाग कहलाता है। इस भाग में e^- उपस्थित रहते है। परमाणु में e^- की संख्या हमेशा नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन की संख्या के बराबर होती है। परमाणु का नाभिकीय भाग, परमाणु के द्रव्यमान के लिए जिम्मेदार होता है तथा नाभिक के बाहर का भाग इसके आयतन के लिए जिम्मेदार होता है। परमाणु का आयतन, नाभिक के आयतन का 10^{15} गुना होता है।

$$\frac{\text{परमाणु का आयतन}}{\text{नाभिक का आयतन}} = \frac{(10^{-8})^3}{(10^{-13})^3} = 10^{15}$$

(iv) इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर वृत्ताकार कक्षाओं में उच्च वेग से चक्कर लगाते हैं।

- यह मॉडल सोलर निकाय के समरूप है, जिसमें नाभिक सूर्य को प्रदर्शित करता है, तथा घूमते हुए e^-, ग्रह को व्यक्त करते है।

रदरफोर्ड मॉडल की कमियाँ -

(1) यह सिद्धान्त परमाणु के स्थायित्व को नहीं समझाता। मैक्सवैल के अनुसार e^- अपनी उर्जा को लगातार विद्युत चुम्बकीय विकिरण के रूप में उत्सर्जित करते रहते है। इसके कारण e^- लगातार प्रत्येक चक्र में अपनी उर्जा व्यय करता है तथा सर्पीलाकार पथ में गति करता हुआ नाभिक के और समीप आता जाता है तथा अंत में वह नाभिक में गिर जाता है तथा परमाणु को अस्थायी बनाता है।



(2) यदि e^- लगातार उर्जा व्यय करता है तो दिखने वाला स्पेक्ट्रम सतत् होना चाहिए परन्तु वास्तविक दिखाई देने वाला स्पेक्ट्रम, रेखीय स्पेक्ट्रम होता है, जिसमें निश्चित आवृति की रेखाएँ होती है। इस प्रकार परमाणु में e^- द्वारा उत्सर्जित उर्जा सतत् नहीं होती है।

कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाऐं :

द्रव्यमान संख्या (Mass number) : इसे A से व्यक्त करते है। न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन का योग तत्व की द्रव्यमान संख्या कहलाती है।

i.e. A = न्यूट्रॉन की संख्या + प्रोटॉन की संख्या

परमाणु क्रमांक (Atomic number) : इसे Z से व्यक्त करते है। तत्व के नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन की संख्या को परमाणु क्रमांक कहते है।

यह नाभिकीय आवेश होता है।

उदासीन परमाणु के लिए : प्रोटॉन की संख्या = इलेक्ट्रॉन की संख्या

आवेशित परमाणु के लिए : इलेक्ट्रॉन की संख्या = Z– (परमाणु परआवेश), Z= केवल प्रोटॉन की संख्या

Ex. $_{17}Cl^{35} \rightarrow n = 18, p = 17, e = 17$

दो अलग–अलग तत्वों का परमाणु क्रमांक समान नहीं हो सकता है।

न्यूट्रॉन की संख्या = द्रव्यमान संख्या – परमाणु क्रमांक

= A – Z = (p + n) – p = n

तत्व का प्रदर्शन $\longrightarrow {}_{z}X^{A}$ (जहाँ x तत्व का symbol है)

समस्थानिक (Isotopes) : सोडी द्वारा दिया गया, समस्थानिक एक ही तत्व के अलग–अलग परमाणु होते है जिनका परमाणु क्रमांक समान होता है, परन्तु द्रव्यमान संख्या अलग–अलग होती है अर्थात इनका समान नाभिकीय आवेश होता है, परन्तु न्यूट्रॉन की संख्या अलग–अलग होती है।

Ex.1	$_{17}Cl^{35}$	$_{17}Cl^{37}$	Ex.2	$_{6}C^{12}$	$_{6}C^{13}$	$_{6}C^{14}$
	n = 18	n = 20		e = 6	e = 6	e = 6
	e = 17	e = 17		p = 6	p = 6	p = 6
	p = 17	p = 17		n = 6	n = 7	n = 8

Ex.3	(प्रोटीयम	ड्यूटीरियम	ट्राइटियम)
	$_{1}H^{1}$	$_{1}H^{2}$	$_{1}H^{3}$
	e = 1	e = 1	e = 1
	p = 1	p = 1	p = 1
	n = 0	n = 1	n = 2

$_{1}H^{1}$ सामान्य हाइड्रोजन है जिसमें कोई न्यूट्रॉन नहीं है।

ड्यूटीरियम को हम भारी हाइड्रोजन भी कहते है। इसे D से व्यक्त करते है।

- समस्थानिक के रासायनिक गुण समान होते है, परन्तु भौतिक गुण अलग–अलग होते है।
- समस्थानिको के e/mका मान समान नहीं होता है।

समभारिक (Isobars): एस्टन द्वारा दिया गया, समभारिक विभिन्न तत्वों के परमाणु है, जिनकी द्रव्यमान संख्या समान है, परन्तु परमाणु क्रमांक अलग है अर्थात इनमे e^- की संख्या, प्रोटॉन की संख्या तथा न्यूट्रॉन की संख्या अलग–अलग है परन्तु न्यूट्रॉन तथा प्रोट्रोन का योग समान रहता है।

Ex.1	$_{1}H^{3}$	$_{2}He^{3}$	**Ex.2**	$_{19}K^{40}$	$_{20}Ca^{40}$
	p = 1 ⎤	p = 2 ⎤		p = 19 ⎤	p = 20 ⎤
	e = 1 ⎥	e = 2 ⎥		n = 21 ⎥	n = 20 ⎥
	n = 2 ⎦	n = 1 ⎦		e = 19 ⎦	e = 20 ⎦
	p + n = 3	p + n = 3		n+p = 40	n + p = 40

- समभारिक के रासायनिक तथा भौतिक गुण समान नहीं होते हैं।
- इनके e/m के मान समान नहीं होते हैं।

आइसोडायाफर्स (Isodiaphers): ये विभिन्न तत्वों के ऐसे परमाणु होते हैं जिनके न्यूट्रॉन तथा प्रोट्रॉन का अन्तर समान होता है।

Ex1	$_5B^{11}$	$_6C^{13}$	**Ex.2**	$_7N^{15}$	$_9F^{19}$
	p = 5	p = 6		p = 7	p = 9
	n = 6	n = 7		n = 8	n = 10
	e = 5	e = 6		e = 7	e = 9
	n – p =1	n – p =1		n – p =1	n – p =1

समन्यूट्रॉनिक (Isotones), समन्यूट्रॉनिक इकाई : ये विभिन्न तत्वों के ऐसे परमाणु है जिनमें न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है।

Ex.1	$_1H^3$	$_2He^4$	**Ex.2**	$_{19}K^{39}$	$_{20}Ca^{40}$
	p = 1	p = 2		e = 19	e = 20
	n = 2	n = 2		p = 19	p = 20
	e = 1	e = 2		n = 20	n = 20

आइसोस्टेयर्स (Isosters) : ऐसे अणु जिनके परमाणुओं की संख्या तथा इलेक्ट्रॉन की संख्या समान होती है।

Ex.1	CO_2	N_2O	**Ex.2**	CaO	KF
Atoms	= 1 + 2	Atoms = 2 + 1	Atoms	2	2
	= 3	= 3	Electrons	20 + 8	19 + 9
Electrons	= 6 + 8 × 2	Electrons = 7 × 2 + 8		28 e^-	28 e^-
	= 22 e^-	= 22e^-			

समइलेक्ट्रॉनिक स्पीशीज (Isoelectronic species) : ये परमाणु, अणु या आयन है, जिनमें समान संख्या में इलेक्ट्रॉन होते है।

Ex.1	Cl^-	Ar	Ex.2	H_2O	NH_3	Ex.3	BF_3	SO_2
Electron	18 e^-	18 e^-		e = 2 + 8	e = 7 + 3	e = 5 +9 × 3		16 + 8 × 2
				10 e^-	10 e^-	5 + 27		16 + 16
						32 e^-		32 e^-

PRACTICE SECTION-01

Q.1 यदि S_1 कैथोड़ किरण का विशिष्ट आवेश (e/m) तथा S_2 धनात्मक किरण का विशिष्ट आवेश है तो कौनसा सहीं है।
(1) $S_1 = S_2$ (2) $S_1 < S_2$ (3) $S_1 > S_2$ (4) इनमें से कोई नहीं

Q.2 इलेक्ट्रॉन (e) प्रोटोन (p), न्यूट्रॉन (n) तथा एल्फा (α) कण के लिए e/m के मानों के लिए बढ़ता क्रम (न्यूनतम प्रथम) है:
(1) e, p, n, α (2) n, α, p, e (3) n, p, e, α (4) n, p, α, e

Q.3 समइलेक्ट्रॉनिक सेट बताईये:-
(a) Na^+, H_3O^+, NH_4^+ (b) CO_3^{-2}, NO_3^-, HCO_3^- (c) P^{-3}, HCl, C_2H_6, PH_3 (d) N^{-3}, O^{-2}, F
(1) a, b, d (2) b, c, d (3) a, b, c, d (4) a, b, c

Q.4 प्रोटोन व एक α–कण के विशिष्ट आवेश का अनुपात होगा :–
(1) 2 : 1 (2) 1 : 2 (3) 1 : 4 (4) 1 : 1

Q.5 $_{32}Ge^{76}$ का समन्यूट्रॉनिक है :–
(i) $_{32}Ge^{77}$ (ii) $_{33}As^{77}$ (iii) $_{34}Se^{77}$ (iv) $_{34}Se^{78}$
(1) (ii) & (iii) (2) (i) & (ii) (3) (ii) & (iv) (4) (ii) & (iii) & (iv)

Q.6 $^{13}_{6}C$ तथा $^{12}_{6}C$ प्रत्येक, संख्या के संदर्भ में भिन्न है?
(1) इलेक्ट्रॉन (2) प्रोटोन (3) न्यूट्रॉन (4) इनमें से कोई नहीं

Q.7 Ne का परमाणु भार 20.2 है। Ne, Ne^{20} तथा Ne^{22} का मिश्रण है। भारी समस्थानिक की संबंधित बहुलता है:-
(1) 90 (2) 20 (3) 40 (4) 10

ANSWER KEY

Que.	1	2	3	4	5	6	7
Ans.	3	2	4	1	3	3	4

विद्युत चुम्बकीय तरंग (EM waves) सिद्धांत या विकिरण उर्जा

(ELECTROMAGNETIC WAVES (EM WAVES) THEORY OR RADIANT ENERGY)

इस सिद्धान्त के अनुसार ऊर्जा एक पदार्थ से दूसरे पदार्थ की तरफ तरंगो के रूप में स्थानान्तरित होती है तथा यह ब्रह्माण्ड में प्रकाश के वेग (3×10^8 मीटर/सेकण्ड) से गमन करती है। इन तरंगों को विद्युत चुम्बकीय तरंगे या विकिरण उर्जा कहते है। विकिरण उर्जा को आगे बढ़ने के लिए किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है।

Ex. रेडियो तरंगे, सूक्ष्म तरंगे, अवरक्त तरंगे, दृश्यक तरंगे, पराबैंगनी तरंगे, एक्स किरणे, गामा तरंगे तथा कास्मिक तरंगे।

- विकिरण उर्जा में विद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्र होते है, तथा ये इन क्षेत्रें के लम्बवत गति करती है।

तरंग का सबसे उपर का बिन्दु श्रृंग कहलाता है तथा निम्नतम बिन्दु गर्त कहलाता है।

कुछ पद जो तरंगों से सम्बन्धित है, निम्न है।



तरंग दैर्ध्य (λ) (लेम्बडा) : यह दो क्रमागत श्रृंग के बीच की अथवा गर्त के बीच की दूरी है। इसे Å (अंगस्ट्रॉम), pm (पीकोमीटर), nm (नेनोमीटर), cm(सेन्टीमीटर), m (मीटर) में नापा जाता है।

आवृति (ν) (न्यू) : किसी बिन्दु से 1 सेकण्ड में गुजरने वाली तरंगों की संख्या, तरंग आवृति कहलाती है। इसे हर्टज (Hz), s^{-1}, या सायकल प्रति सेकण्ड (cps) में मापा जाता है। (1 हर्टज= 1 सेकण्ड$^{-1}$)

समय काल (T) : तंरग द्वारा एक बिन्दु से गुजरने में लगने वाला समय समय काल कहलाता है। $T = \frac{1}{\nu}$ सेकण्ड

वेग (c) : 1 सेकण्ड में तय की गई दूरी तरंग का वेग कहलाती है।

$c = \lambda / T = \lambda\nu$ या $\nu = c/\lambda$ या

$c = \nu\ (s^{-1}) \times \lambda\ (m)$ या $c = \nu\lambda\ (m\ s^{-1})$

यद्यपि c एक नियतांक है। अर्थात आवृति तरंग दैर्ध्य λ के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

तरंग संख्या ($\bar{\nu}$) (न्यू बार) : यह तरंग दैर्ध्य के व्युत्क्रमानुपाती होती है तथा यह 1 सेमी. में तरंगों की संख्या बताती है।

$\bar{\nu} = \frac{1}{\lambda}$

इसे cm^{-1}, m^{-1} में नापा जाता है।

आयाम → (a) : यह श्रृंग या गर्त की उचाँई या गहराई होती है। इसे ही तरंग का आयाम कहते है।

महत्वपूर्ण बिन्दु $\boxed{\nu = \frac{c}{\lambda} = c\bar{\nu}}$ $\left(\bar{\nu} = \frac{1}{\lambda}\right)$

❖ वैद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम

वैद्युत चुम्बकीय तरंगे या विकिरण एकल तरंगदैर्ध्य विकिरण नहीं है किन्तु ये विभिन्न तरंगदैर्ध्य या आवृतियों का मिश्रण है। सभी आवृतियाँ समान चाल की है।

यदि वैद्युत चुम्बकीय विकिरण के सभी अवयवों को तरंगदैर्ध्य या आवृतियों के घटते या बढते क्रम में व्यवस्थित किया जाये तो एक पैटर्न प्राप्त होता है जो वैद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम कहलाता है। निम्नलिखित सारणी प्रकाश के अवयवों को प्रदर्शित करती है।

क्रमांक	नाम	तरंगदैर्ध्य (A°)	आवृत्ति (हर्ट्ज)	स्त्रोत
1.	रेडियो तंरग	$3\times10^{7}-3\times10^{14}$	$1\times10^{5}-1\times10^{9}$	उच्च आवृत्ति की प्रत्यावर्ती धारा
2.	माइक्रोवेव	$6\times10^{6}-3\times10^{7}$	$1\times10^{9}-5\times10^{11}$	किलस्ट्रॉन ट्यूब
3.	इनफ्रारेड(IR)	$7600-6\times10^{6}$	$5\times10^{11}-3.95\times10^{16}$	प्रतिदिप्ति वस्तु
4.	दृश्य	3800–7600	$3.95\times10^{16}-7.9\times10^{14}$	वैद्युतबल सूर्य किरणें
5.	पराबैंगनी (UV)	150–3800	$7.9\times10^{14}-2\times10^{16}$	सूर्य किरणें, मर्करी वाष्पयुक्त चिंगारी लेम्प
6.	X-किरणें	0.1–150	$2\times10^{16}-3\times10^{19}$	धातु परत से टकराने वाली कैथोड़ किरणें
7.	γ-किरणें	0.01–0.1	$3\times10^{19}-3\times10^{20}$	रेडियो सक्रिय क्षय का द्वितीय प्रभाव
8.	कास्मिक किरणें	0.01–zero	$3\times10^{20}-$ अनन्त	बाहरी क्षेत्र

प्लांक का क्वांटम सिद्धान्त (PLANCK'S QUANTUM THEORY)

➢ **प्लांक के क्वान्टम सिद्धान्त के अनुसार :**

1. एक वस्तु द्वारा उत्सर्जित या अवशोषित विकिरण उर्जा, सतत न होकर असतत रूप से छोटे–छोटे उर्जा के बंडलों के रूप में होती है इन उर्जा बंडलों को क्वांटम कहते है।

2. प्रकाश के सम्बन्ध में इन छोटे उर्जा बंडलों को 'फोटोन' कहते हैं परन्तु सामान्य अवस्था में उर्जा के छोटे–छोटे बण्डलों को क्वांटम कहते है।

3. प्रत्येक क्वांटम की उर्जा, विकिरण की आवृति के समानुपाती होती है अर्थात

$E \propto \nu$

$\Rightarrow \quad E = h\nu$ या $\quad E = \frac{hc}{\gamma}\left\{\because \nu = \frac{c}{\lambda}\right\}$

h समानुपाती स्थिरांक या प्लांक नियतांक है।

$h = 6.626 \times 10^{-31}$ किलो जूल सेकण्ड or 6.626×10^{-34} जूल सेकण्ड or 6.626×10^{-27} अर्ग सेकण्ड

4. एक वस्तु से दूसरी वस्तु की ओर कुल उत्सर्जित उर्जा, एक क्वांटम की उर्जा का पूर्ण संख्या का गुणक होता है।

अर्थात $\quad E = nh\nu$

जहाँ n एक पूर्ण संख्या है और n = क्वांटम की संख्या है।

$$E = nh\nu = \frac{nhc}{\lambda} = nhc\bar{\nu}$$

प्रकाश विद्युत प्रभाव

जब किसी धातु पर उपयुक्त आवृत्ति के प्रकाश को आपतित होने दिया जाता है, तो इलेक्ट्रॉनों का निष्कासन होता है। इस घटना को फोटो इलेक्ट्रिक प्रभाव के रूप में जाना जाता है।

फोटो विद्युत प्रभाव का आइंस्टीन सिद्धांत।



चित्रः फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव का अध्ययन करने के लिए उपकरण

एक विशेष आवृत्ति का प्रकाश निर्वात कक्ष के अंदर एक साफ धातु की सतह से टकराता है। इलेक्ट्रॉन धातु सतह से बाहर निकलते है। और एक डिटेक्टर द्वारा गिने जाते है जो उनकी गतिज ऊर्जा को मापता है।

➢ मुख्य बिंदु

1. उपयुक्त आवृत्ति का एक फोटान एक इलेक्ट्रॉन को बाहर निकाल सकता है
2. फोटॉन की ऊर्जा का उपयोग दो प्रकार से किया जा सकता है

(i) इसका एक भाग केवल इलेक्ट्रॉन को बाहर निकालने के लिए उपयोग किया जाता है, इस भाग को कार्य फलन के रूप में जाना जाता है। कार्य फलन की गणना इस प्रकार की जा सकती है

$W = h\nu_0$, जहां ν_0 दहलीज आवृत्ति है

$W = \frac{hc}{\lambda_0}, \lambda_0 \rightarrow$ दहलीज तरंग दैर्ध्य

दहलीज आवृत्तिः वह न्यूनतम आवृत्ति जो केवल इलेक्ट्रॉन को बाहर निकालने के लिए आवश्यक है।

(ii) शेष ऊर्जा का उपयोग गतिज ऊर्जा प्रदान करने के लिए किया जाता है।

इसके लिए, आइंस्टीन समीकरण नीचे दिया गया है

$$\underset{\text{आपतित फॉटोन की उर्जा}}{h\nu} = \underset{\text{धातु का कार्य फलन}}{h\nu_0} + \underset{\text{निष्काशित इलेक्ट्रोन की गतिज उर्जा}}{KE}$$

निरोधी विभव / संस्तब्ध (Stopping Potential)

वह न्यूनतम विभव (विपरीत विभव) जिस पर उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन का वेग शून्य हो जाता है, निरोधी विभव कहलाता है।

$\frac{1}{2}mv_2 = eV_S$ $\quad V_S =$ निरोधी विभव

e = इलेक्ट्रॉन पर आवेग

बोहर का परमाणु प्रतिरूप

बोहर ने हाइड्रोजन और हाइड्रोजन के समान एक इलेक्ट्रॉन स्पीशीज (हाइड्रोजेनिक स्पीशीज) के लिए एक प्रतिरूप दिया। उसने क्वाण्टम सिद्धान्त को प्रयुक्त किया।

बोहर मॉडल का महत्वपूर्ण अवधारणायें :–

(1) इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित वृतीय पथ में घूमते है इन्हें कक्षा या कोष कहा जाता है।



K, L, M, ... कक्षा है।

K → प्रथम कक्षा

L → द्वितीय कक्षा

M → तृतीय कक्षा

(2) एक निश्चित कक्षा की ऊर्जा नियत होती है। इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जा में परिवर्तन तब ही सम्भव है जब इलेक्ट्रॉन की कक्षा संख्या परिवर्तित होती है।

(a) जब एक इलेक्ट्रॉन उच्च ऊर्जा के कक्षा से निम्न ऊर्जा स्तर में आता है तो ऊर्जा उत्सर्जित होती है।



$E_1 - E_2 = \Delta E$ (उत्सर्जित ऊर्जा)

(b) यदि एक इलेक्ट्रॉन निम्न कक्षा से उच्च कक्षा में जाता है तो ऊर्जा अव"ोशित होती है।



$E_2 - E_1 = \Delta E$ (ऊर्जा का उत्सर्जन)

(3) इलेक्ट्रॉन और नाभिक के बीच स्थिर वैद्युत आकर्षण बल अपकेन्द्रीय बल से सन्तुलित हो जाता है।



$$\frac{mV^2}{r} = K\frac{Ze^2}{r^2}$$

or $mv^2 = K\dfrac{Ze^2}{r}$ ..... (i)

$= \dfrac{1}{4\pi \in_0}\cdot\dfrac{Ze^2}{r}$ .....(ii)

(4) इलेक्ट्रॉन केवल उन्हीं कक्षाओं में घूमते है जिनका कोणीय संवेग $\frac{h}{2\pi}$ का पूर्ण गुणक हो।



$$mvr = n.\frac{h}{2\pi}$$

जहाँ, h = प्लैंक नियतांक = 6.62×10^{-34} J s^{-1} = 6.62×10^{-27} erg. sec^{-1}

m = इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान

v = इलेक्ट्रॉनिक वेग

n = कक्षा संख्या

Note: यदि हाइड्रोजन परमाणु को दी जाने वाली ऊर्जा 13.6 eV से कम है तो यह केवल उन क्वाण्टा को अवशोषित करेगा जो इसे निश्चित ऊर्जा स्तर में ले जा सकता है। सभी फोटोन जिनकी ऊर्जा निश्चित ऊर्जा से कम या अधिक होती है। हाइड्रोजन परमाणु द्वारा अवशोषित नहीं होगा।

किन्तु यदि हाइड्रोजन परमाणु को दी जाने वाली ऊर्जा 13.6 eV से अधिक है तो सभी फोटोन अवशोषित कर लिये जाते है और अतिरिक्त ऊर्जा उत्सर्जित फोटोन इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा के रूप में प्रकट होती है।

बोहर मॉडल के अनुप्रयोग

1. विभिन्न कक्षाओं की त्रिज्या

$$r = \frac{n^2h^2}{4\pi^2mKZe^2}$$



Derivation :

कूलम्बीय बल = $\frac{Kq_1q_2}{r^2} = \frac{K.Ze.e}{r^2} = \frac{KZe^2}{r^2}$

(जहाँ K नियतांक है।) K = 9×10^9 न्यूटन मीटर^2 /कूलाम^2

जैसा कि हम जानते है कि कूलामबिंक बल = अभिकेन्द्रीय बल

$$\frac{KZe^2}{r^2} = \frac{mv^2}{r} \quad \text{or} \quad v^2 = \frac{KZe^2}{mr} \quad ....(1)$$

हम जानते है कि $mvr = \frac{nh}{2\pi}$ or $v = \frac{nh}{2\pi mr}$ ....(2)

समीकरण (2) से v का मान समीकरण (1) में रखने पर

$$\left(\frac{nh}{2\pi mr}\right)^2 = \frac{KZe^2}{mr} \quad \text{or} \quad \frac{n^2h^2}{4\pi^2m^2r^2} = \frac{KZe^2}{mr}$$

$$\boxed{r = \frac{n^2h^2}{4\pi^2mKZe^2}} \quad ....(3)$$

π, h, m, K, और e (नियतांक) के मान समीकरण (3) में रखने पर

$$r = 0.529 \times 10^{-8} \times \frac{n^2}{Z} \text{ cm} \quad \{1Å = 10^{-10}m = 10^{-8} cm\}$$

$$\boxed{r_n = 0.529 \times \frac{n^2}{Z} Å}$$

यह सूत्र केवल हाइड्रोजन अथवा हाइड्रोजन के समान स्पीशीज, के लिए ही प्रयुक्त होता है जिनमें केवल एक ही इलेक्ट्रॉन हो।

NEET Sarthi

2. इलेक्ट्रॉन का वेग :

कूलाम्बिक बल = अपकेन्द्रीय बल या $\frac{KZe^2}{r^2} = \frac{mv^2}{r}$ या $KZe^2 = (mvr)(v)$

कोणीय संवेग का मान रखने पर $m.v.r. = \frac{nh}{2\pi} \Rightarrow KZe^2 = \frac{nh}{2\pi}(v)$

$$\boxed{v = \frac{2\pi KZe^2}{nh}}$$

π, k, e व h का मान रखने पर $\boxed{v = 2.188 \times 10^8 \times \frac{Z}{n} cm/s}$

3. एक इलेक्ट्रॉन की उर्जा :

माना कि एक इलेक्ट्रॉन की कुल उर्जा E है यह गतिज उर्जा और स्थिजित उर्जा का योग होती है।

i.e. E = K.E.+ P.E.

$$E = \left(\frac{1}{2}mv^2\right) + \left(\frac{Kq_1q_2}{r}\right) \qquad \left[P.E. = -\frac{Kze^2}{r}\right]$$

$$E = \frac{1}{2}mv^2 + \frac{K.Ze.(-e)}{r} = \frac{1}{2}mv^2 - \frac{KZe^2}{r}$$

समीकरण (1) से mv^2 का मान रखने पर

$$E = \frac{KZe^2}{2r} - \frac{KZe^2}{r} = -\frac{KZe^2}{2r}$$

समीकरण (3) से r का मान रखने पर

$$E_n = -\frac{KZe^2 \times 4\pi^2 mKZe^2}{2n^2h^2} \quad \text{or} \quad \boxed{E_n = -\frac{2\pi^2 m \times K^2Z^2e^4}{n^2h^2}}$$

π, K, e, m व h का मान रखने पर

$$\boxed{E_n = -\frac{21.69 \times 10^{-19} \times Z^2}{n^2} J/atom} \quad \text{or} \quad \boxed{E_n = -13.6 \times \frac{Z^2}{n^2} eV/atom}$$

$$\boxed{E_n = -1312 \times \frac{Z^2}{n^2} kJmol^{-1}} \quad \text{or} \quad \boxed{E_n = -313.6 \times \frac{Z^2}{n^2} kcalmol^{-1}}$$

यह सूत्र हाइड्रोजन परमाणु और हाइड्रोजन के समान स्पीशीज (जिनमें एक इलेक्ट्रान हो) के लिये ही प्रयोग में लिया जा सकता है। चूंकि n का मान पूर्णांक ही हो सकता है इससे स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉन की कुल उर्जा क्वाण्टीकृत होती है। ऋणात्मक चिह्न प्रदर्शित करता है कि इलेक्ट्रान केन्द्रक की ओर आकर्षित है।

कुछ अतिरिक्त बिन्दु :

(i) $K.E. = \frac{KZe^2}{2r}$ i.e. $K.E. \propto \frac{1}{r}$

त्रिज्या बढ़ने पर गतिज उर्जा कम होती है।

(ii) $P.E. = -\frac{KZe^2}{r}$ i.e. $P.E. \propto -\frac{1}{r}$

त्रिज्या बढ़ने पर स्थितिज उर्जा बढ़ती है।

(iii) $E = -\frac{KZe^2}{2r}$ i.e. $E. \propto -\frac{1}{r}$

परिणाम :त्रिज्या बढ़ने पर कुल उर्जा बढ़ती है।

$\boxed{P.E = 2KE}$ $\boxed{KE = E}$ $\boxed{P.E = 2E}$

दो उर्जा स्तरों में उर्जा अन्तर :

$$E_{n_2} - E_{n_1} = -13.6 \times Z^2 \left[\frac{1}{n_2^2} - \frac{1}{n_1^2}\right]$$

हाइड्रोजन परमाणु के लिए उर्जा स्तर निम्न प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है।



n = 6 or P	$E_6 = -0.38$ eV	
n = 5 or O	$E_5 = -0.54$ eV	
n = 4 or N	$E_4 = -0.85$ eV	$E_5 - E_4 = 0.36$ eV
n = 3 or M	$E_3 = -1.51$ eV	$E_4 - E_3 = 0.66$ eV
n = 2 or L	$E_2 = -3.4$ eV	$E_3 - E_2 = 1.89$ eV
n = 1 or K	$E_1 = -13.6$ eV	$E_2 - E_1 = 10.2$ eV

i.e. $(E_2 - E_1) > (E_3 - E_2) > (E_4 - E_3) > (E_5 - E_4)$.....

➢ ऊर्जा परिभाषाऐं

(a) मूल अवस्था (G. S.) :

एक परमाणु या आयन या अणु की निम्नतम ऊर्जा अवस्था

H परमाणु के लिए G. S.	n = 1
He^+ आयन	n = 1

(b) उत्तेजित अवस्था (E. S.)

मूल अवस्था से ऊपर की ऊर्जा अवस्थाएँ उत्तेजित ऊर्जा अवस्था होती है।

n = 2	1st E. S.
n = 3	2nd E. S.
n = 4	3rd E. S.
	कुल E. S. = (n – 1)

(c) उत्तेजन ऊर्जाः किसी इलेक्ट्रॉन को उसकी मूल अवस्था से किसी उत्तेजित अवस्था में उत्तेजित करने के लिए आवश्यक ऊर्जा को उत्तेजन ऊर्जा कहा जाता है।

$E_2 - E_1$ = पहली उत्तेजन ऊर्जा

$E_3 - E_1$ = दूसरी उत्तेजन ऊर्जा

$E_4 - E_1$ = तीसरी उत्तेजन ऊर्जा

(d) उत्तेजन विभव (E. P.) :

मूल अवस्था से एक इलेक्ट्रॉन को 'n' स्तर तक ले जाने के लिए आवश्यक ऊर्जा की मात्रा

1st I. P. $= E_2 - E_1 = -3.4 - (13.6) = 10.2$ eV

2nd E. P. $E_3 - E_1 = -1.51 - (-13.6) = 12.09$

(e) आयनन विभव (I. P.) ऊर्जा / ऐन्थैल्पी

G.S. से इलेक्ट्रॉन को पृथक करके अनन्त उत्तेजित अवस्था में ले जाने के लिए आवश्यक ऊर्जा

I. P. $= E_\infty - E_1 = 0 - (-13.6) = 13.6$ eV

(f) पृथक्करण ऊर्जा (S. E.)

उत्तेजित अवस्था से इलेक्ट्रॉन को अनन्त तक पृथक करने के लिए आवश्यक ऊर्जा की मात्रा पृथक्करण ऊर्जा कहलाती है।

S. E. $= E_\infty - E_2 = 0 - (-3.4) = 3.4$ eV

S. E. $= E_\infty - E_3 = 0 - (-1/51) = 1.51$ eV

NEET Sarthi

PRACTICE SECTION-02

Q.1 यदि H, He^{+}, Li^{+2} तथा Be^{+3} की प्रथम कक्षा की त्रिज्या क्रमशः r_1, r_2, r_3 तथा r_4 है तो उनका सही घटता क्रम होगा :–

(1) $r_1 > r_2 > r_3 > r_4$ (2) $r_3 < r_2 > r_4 < r_1$ (3) $r_1 < r_2 < r_3 > r_4$ (4) सभी की त्रिज्या समान है

Q.2 एक परमाणु में इलेक्ट्रॉन का संक्रमण इस प्रकार होता है कि उसकी गतिज ऊर्जा x से परिवर्तित होकर $\frac{x}{4}$ हो जाती है। स्थितिज ऊर्जा में होने वाला परिवर्तन है :

(1) $+\frac{3}{2}x$ (2) $-\frac{3}{8}x$ (3) $+\frac{3}{4}x$ (4) $-\frac{3}{4}x$

Q.3 He^{+} के तीसरे व चतुर्थ बोर कोश के मध्य दूरी है :

(1) 2.645×10^{-10}m (2) 1.322×10^{-10}m (3) 1.851×10^{-10} m (4) कोई नहीं

Q.4 किसी तत्व "X" के परमाणु क्रमांक का मान क्या है जिसका चतुर्थ बोर कोश, H-परमाणु के प्रथम बोर कोश के अन्दर फिट हो जाता है?

(1) 3 (2) 4 (3) 16 (4) 25

Q.5 ${}_zA^{(+z-1)}$ के लिए ऊर्जा स्तर दिये जा सकते है :–

(1) $A^{(+z-1)}$ के लिए $E_n = Z^2 \times$ H के लिए E_n (2) $A^{(+z-1)}$ के लिए $E_n = Z \times$ H के लिए E_n

(3) $A^{(+z-1)}$ के लिए $E_n = \frac{1}{z^2} \times$ H के लिए E_n (4) $A^{(+z-1)}$ के लिए $E_n = \frac{1}{z} \times$ H के लिए E_n

Q.6 H-परमाणु के इलेक्ट्रॉन का कोणीय संवेग किसके समानुपाती है :–

(1) r^2 (2) $\frac{1}{r}$ (3) $\sqrt{r}$ (4) $\frac{1}{\sqrt{r}}$

Q.7 Fe (III) तथा Co (II) के चुम्बकीय आघूर्णो का अनुपात है :–

(1) $\sqrt{5} : \sqrt{7}$ (2) $\sqrt{35} : \sqrt{15}$ (3) 7 : 3 (4) $\sqrt{24} : \sqrt{15}$

ANSWER KEY							
Que.	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
Ans.	1	1	3	3	1	3	2

स्पेक्ट्रम (SPECTRUM)

स्पेक्ट्रम (Spectrum) : जब कोई विकिरण स्पेक्ट्रममापी (प्रिज्म) से गुजरता है तो विकिरण का प्रसार होता है। फोटोग्रॉफिक प्लेट (स्क्रीन) पर जो चित्र प्राप्त होता है उसे दिये गये विकिरण का स्पेक्ट्रम कहते हैं।



(1) उत्सर्जन स्पेक्ट्रम (Emissions spectrum) : जब किसी तापदीप्त स्रोत (जैसे मोमबत्ती, सूर्य, ट्यूबलाइट, बर्नर, बल्ब या कम दबाव पर किसी गैस में विद्युत धारा प्रवाहित कर, किसी पदार्थ को उच्च ताप पर गर्म करके) से प्राप्त उत्सर्जित विकिरण को सीधे प्रिज्म से होकर गुजारा जाता है तो स्क्रीन पर प्राप्त स्पेक्ट्रम को उत्सर्जन स्पेक्ट्रम कहते हैं।

(a) सतत् उत्सर्जित स्पेक्ट्रम या सतत् स्पेक्ट्रम :

सफेद प्रकाश के सीमित पुंज को जब प्रिज्म में से गुजारा जाता है तो यह, बैंगनी से लाल 7 रंगो में फैल जाता है।



(b) उत्सर्जन रेखीय स्पेक्ट्रम : जब एक परमाण्विक गैस को तापदीप्ती स्रोत में रखा जाता है या उसे वैद्युत उत्तेजित (electrical excitation) किया जाता है तो, यह सबसे पहले ऊर्जा अवशोषित करता है तथा इसके पश्चात इसे विकिरण के रूप में उत्सर्जित करता है। इन विकिरणों का स्पेक्ट्रोस्कोप से परीक्षण करने पर एक स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है, जिसमें स्पष्ट रेखायें होती है। प्रत्येक रेखा एक निश्चित तरंगदैर्ध्य के संगत होती है तथा ये रेखायें एक दूसरे से अंधकारमय स्थान (dark space) द्वारा पृथक्कृत रहती है। इस प्रकार के उत्सर्जन स्पेक्ट्रम को उत्सर्जन रेखिय स्पेक्ट्रम कहा जाता है।



विशेष बिन्दु (Special Note) :

1. कोई भी दो तत्व समरूप रेखीय स्पेक्ट्रम नहीं रखते हैं। चूंकि दो तत्व समरूप ऊर्जा स्तर नहीं रखते हैं इसलिए तत्वों के रेखीय स्पेक्ट्रम को फिंगर प्रिन्ट्स के रूप में जाना जाता है जो कि मनुष्य के फिंगर प्रिन्ट्स के समान ही एक दूसरे से भिन्न होते हैं।
2. चूंकि तत्व के परमाणुओं से ऊर्जा के उत्सर्जन द्वारा रेखीय स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है इसलिये रेखीय स्पेक्ट्रम को परमाणवीय स्पेक्ट्रम भी कहा जाता है।

(c) उत्सर्जन बैंड स्पेक्ट्रम : यदि गैस का आण्विक रूप प्रयुक्त होता है तो यह पहले न केवल इलेक्ट्रॉनिक संक्रमण के लिए अपितु घूर्णन तथा कम्पन के लिए भी ऊर्जा अवशोषित करती है। इसके पश्चात विकिरणें उत्सर्जित करती है। इन विकिरणों का स्पेक्ट्रोस्कॉप से परीक्षण करने पर स्क्रीन (पर्दे) पर एक स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है, जो कि बहुत पास–पास स्थित रेखाओं का समूह होता है, जिसे बैंड कहते है और इसीलिए इस स्पेक्ट्रम को उत्सर्जन बैंड स्पेक्ट्रम कहते है। ये बैंड एक दूसरे से अन्धकारमय क्षेत्र द्वारा पृथक्कृत रहते हैं।



नोट : चूंकि बैंड स्पेक्ट्रम अणुओं से उत्सर्जित होता है अतः बैंड स्पेक्ट्रम को आण्विक स्पेक्ट्रम भी कहते हैं।

(2) अवशोषण स्पेक्ट्रम (Absorption spectrum) : जब सफेद प्रकाश को एक विलयन या रासायनिक तत्वों की वाष्प या गैस से गुजारा जाता है और इसका स्पेक्ट्रो स्कोप से विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि सतत् स्पेक्ट्रम की बजाए कुछ गहरे रंग की लाइनें प्राप्त होती है। इस प्रकार के स्पेक्ट्रम को अवशोषण स्पेक्ट्रम कहते हैं।

- जब सफेद प्रकाश को परमाण्वीय गैस से गुजारा जाता है तो जो स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है, वह अवशोषण लाइन स्पेक्ट्रम कहलाता है।
- यदि सफेद प्रकाश को आण्विक गैस से गुजारा जाता है, जो स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है उसे अवशोषित बैंड स्पेक्ट्रम कहते हैं।



हाइड्रोजन लाइन स्पेकटम या हाइड्रोजन स्पेकटम (Hydrogen line spectrum or Hydrogen spectrum) :

जब परमाण्वीय हाइड्रोजन गैस से निम्न दाब पर विद्युत आर्क प्रवाहित किया जाता है तो एक नीले रंग का प्रकाश उत्सर्जित होता है।

जब इस प्रकार की किरण एक प्रिज्म से प्रवाहित की जाती है तो चमकीली लाइनों का एक विलगित स्पेक्ट्रम प्राप्त होता है। विभिन्न लाइनों की तरंगदैर्ध्य, दृश्य क्षेत्र में पराबैगनी क्षेत्र में, तथा अवरक्त क्षेत्र में होती है। इन रेखाओं को विभिन्न श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।



श्रेणी	खोजकर्ता	क्षेत्र	$n_2 \rightarrow n_1$
लाइमन	लाइमन	पराबैंगनी	$n_2 = 2, 3, 4, \ldots / n_1 = 1$
बामर	बामर	दृश्य	$n_2 = 3,4,5, \ldots / n_1 = 2$
पाश्चन	पाश्चन	अवरक्त	$n_2 = 4, 5, 6, \ldots / n_1 = 3$
ब्रेकेट	ब्रेकेट	अवरक्त	$n_2 = 5, 6, 7, \ldots / n_1 = 4$
फुण्ड	फुण्ड	अवरक्त	$n_2 = 6, 7, \ldots / n_1 = 5$
हम्फरी	हम्फरी	दूरस्थ अवरक्त	$n_2 = 7, \ldots / n_1 = 6$

रिड्बर्ग फार्मूला (Rydberg Formula) : 1890 रिड्बर्ग नामक वैज्ञानिक ने हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम में प्राप्त होने वाली विभिन्न लाइनों के तरंगदैर्ध्य ज्ञात करने के लिए एक सैद्धान्तिक समीकरण दी –

$$\bar{\nu} = \frac{1}{\lambda} = RZ^2\left[\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right]$$ यहाँ R = रिडबर्ग स्थिरांक = 109678 सेमी$^{-1}$ ~ 109700 सेमी$^{-1}$

$$\frac{1}{R} = 9.12 \times 10^{-6} \text{ सेमी} = 912 \text{ Å}$$

n_1 व n_2 कक्ष है तथा किसी श्रेणी विशेष के लिए n_1 स्थिरांक हैं तथा n_2 परिवर्तनशील है।

लाइमन श्रेणी के लिए	$n_1 = 1, n_2 = 2, 3, 4,.....$
बामर के लिए	$n_1 = 2, n_2 = 3, 4, 5,....$
पाश्चन के लिए	$n_1 = 3, n_2 = 4, 5, 6,....$
ब्रेकेट के लिए	$n_1 = 4, n_2 = 5, 6, 7,...$
फुण्ड के लिए	$n_1 = 5, n_2 = 6, 7, 8,...$
हम्फरी के लिए	$n_1 = 6, n_2 = 7, 8, 9,...$

रिडबर्ग फार्मूले की व्युत्पत्ति (Derivations of Rydberg formula) :

$\Delta E = E_{n2} - E_{n1}$

$$\Delta E = \frac{-2\pi^2 mK^2Z^2e^4}{n_2^2h^2} - \left[\frac{-2\pi^2 mK^2e^4Z^2}{n_1^2h^2}\right]$$

$$= \frac{2\pi^2 mK^2Z^2e^4}{n_1^2h^2} - \frac{2\pi^2 mK^2e^4Z^2}{n_2^2h^2} \qquad \left(\because \Delta E = h\nu = \frac{hc}{\lambda}\right)$$

$$\frac{hc}{\lambda} = \frac{2\pi^2 mK^2Z^2e^4}{h^2}\left[\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right] \qquad \text{or } \frac{1}{\lambda} = \frac{2\pi^2 mK^2e^4Z^2}{ch^3}\left[\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right]$$

यहाँ $\frac{2\pi^2 mK^2e^4}{ch^3}$ एक स्थिरांक है व रिड्बर्ग स्थिरांक R के बराबर है।

$$\frac{1}{\lambda} = RZ^2\left[\frac{1}{n_1^2} - \frac{1}{n_2^2}\right]$$

➢ **स्पेक्ट्रम रेखाओं की संख्या की गणना (Calculation of number of spectral lines)**

(a) स्पेक्ट्रम रेखाओं की कुल संख्या $= 1 + 2 + ... (n_2 - n_1) = \frac{(n_2 - n_1)(n_2 - n_1 + 1)}{2}$

यदि $n_1 = 1$(मूल अवस्था)

स्पेक्ट्रम रेखाओं की कुल संख्या $= \frac{(n_2 - 1)n_2}{2} = \frac{n(n-1)}{2}$

(b) स्पेक्ट्रम रेखाओं की संख्या जो एक विशेष श्रृंखला पर गिरती है $(n_2 - n_1)$
जहाँ पर n_2 = उच्च ऊर्जा श्रृंखला, n_1 = निम्न ऊर्जा श्रृंखला

➢ **बोहर मॉडल की सीमाऐं** (Limitation of the Bohr's model) :

1. बोहर सिद्धान्त कई इलेक्ट्रॉन वाले परमाणु के स्पेक्ट्रम को नही समझा सका।

2. किसी घुमते हुए इलेक्ट्रॉन का कोणीय संवेग $\frac{nh}{2\pi}$ के बराबर होता है। यह बोहर सिद्धान्त द्वारा नहीं समझाया गया।

3. बोहर ने विकिरणों के क्वान्टम सिद्धान्त व भौतिकी के चिरसम्मत सिद्धान्त को बिना किसी सैद्धान्तिक विवरण के आपस में सम्बन्धित किया।

4. स्पेक्ट्रम लाइनों की सूक्ष्म संरचना को बोहर सिद्धान्त नहीं समझा सका। स्पेक्ट्रम लाइनों की सूक्ष्म संरचनाएँ स्पेक्ट्रोस्कोप या अधिक दृश्य क्षमता से देखे जा सकते हैं।

5. बोहर सिद्धान्त स्पेक्ट्रम लाइनों का चुम्बकीय क्षेत्र (जीमान प्रभाव) व विद्युत क्षेत्र (स्टार्क प्रभाव) मे विघटन को नहीं समझा सका।

परमाणु का तंरग यांत्रिकी मॉडल

1. डी–ब्रॉग्ली अवधारणा (द्रव्य की दोहरी प्रकृति)
2. हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धांत।
3. श्रोडिंगर तंरग समीकरण।

1. डी–ब्रॉग्ली अवधारणा (द्रव्य की दोहरी प्रकृति)

(i) फ्रांसीसी भौतिक वैज्ञानिक लुई डीब्रॉग्ली ने सन् 1924 में सुझाव दिया कि यदि प्रकाश की प्रकृति कण के साथ–साथ तरंगीय हो तब यह दोहरा व्यवहार द्रव्य के लिए भी सत्य होगा।

(ii) प्रकाश तथा X-किरणों की तरंग प्रकृति को विवर्तन तथा व्यक्तिकरण के आधार पर समझाया जा सकता है। तथा विकिरण पर आधारित अनेक तथ्यों को केवल इसी आधार पर समझाया जा सकता है कि जब प्रकाश की किरणों को उर्जा कणों या फोटोन कणों से बना माना जाए जिनका वेग 3×10^{10} cm/s हो।

(iii) डीब्रॉग्ली के अनुसार "एक इलेक्ट्रान के लिए तरंगदैर्ध्य λ, उसके संवेग p के व्युत्क्रमानुपाती होता है।"

$\lambda \propto \frac{1}{p}$ या $\lambda = \frac{h}{p}$ (यहाँ h = प्लांकनियतांक, p = इलेक्ट्रान का संवेग)

$\because$ संवेग (p) = द्रव्यमान (m) × वेग (c) $\therefore \lambda = \frac{h}{mv}$

(iv) आइन्सटीन की समीकरण, प्लांक क्वाण्टम सिद्धान्त तथा प्रकाश की तरंग प्रकृति के उपयोग से उपरोक्त सम्बन्ध को निम्नलिखित रूप से परमाणित किया जा सकता है।

आइन्सटीन की समीकरण, $E = mc^2$ यहाँ E ऊर्जा, m प्रकाश का द्रव्यमान तथा c वेग है।

$\because$ $E = h\nu$ (प्लांक के क्वाण्टम सिद्धान्त के अनुसार)

तथा $c = \nu\lambda$ (प्रकाश के तरंग सिद्धान्त के अनुसार)

$\therefore$ $\nu = \frac{c}{\lambda} \Rightarrow E = h \times \frac{c}{\lambda}$

परन्तु आइन्सटीन की समीकरण के अनुसार $E = mc^2$

$E = mc^2 = h \times \frac{c}{\lambda}$ या $mc = \frac{h}{\lambda}$ या $p = \frac{h}{\lambda}$ या $\lambda = \frac{h}{\lambda}$

(v) उपरोक्त समीकरण से यह स्पष्ट होता है कि m या v या दोनों को बढ़ाने पर λ का मान घटता है। बहुत तेजी से घुमने वाली वस्तुएँ जैसे वायुयान या एक क्रिकेट की गेंद की तरंग दैर्ध्य बहुत कम होती है क्योंकि इनका द्रव्यमान ज्यादा होता है।

➢ बोर का सिद्धान्त तथा डी–ब्रॉग्ली अवधारणा

(i) डी–ब्रोग्ली के अनुसार नाभिक के चारों तरफ घूमते हुए एक इलेक्ट्रान की प्रकति नाभिक के चारों तरफ वृत्ताकार कक्षा में बहती तरंग के समान होती है।

(ii) यदि एक इलेक्ट्रान को तरंग के समान माना जाता है तो बोर के द्वारा दिये गये सिद्धान्त में क्वाण्टम परिस्थितियाँ आसानी से पूर्ण होती है।

(iii) यदि वृत्ताकार कक्षा की त्रिज्या r इसकी परिधि $2\pi r$ होगी।

(iv) बोर सिद्धान्त के अनुसार हम जानते है। $mvr = \frac{nh}{2\pi}$

या $2\pi r = \frac{nh}{mv}$ ($\because$ mv = p संवेग) या $2\pi r = \frac{nh}{p}$ $\left(\because \frac{h}{p} = \lambda \text{ डी} - \text{ब्रोगली समीकरण}\right)$

$\therefore$ $2\pi r = n\lambda$ (यहाँ n = तरंगों की कुल संख्या 1, 2, 3, 4, 5, ...∞ तथा λ = तरंग दैर्ध्य)

(v) $\because$ $2\pi r = \frac{nh}{mv}$ या $mvr = \frac{nh}{2\pi}$ $\because$ mvr = कोणीय संवेग

इस प्रकार mvr = कोणीय संवेग, जो कि $\frac{h}{2\pi}$ का पूर्णांक गुणक है।

(vi) उपरोक्त वर्णन से यह स्पष्ट होता है कि डी ब्रोग्ली के अनुसार तरंग सिद्धान्त तथा बोर सिद्धान्त के बीच बहुत समानता है।



चित्र : डी–ब्रॉग्ली की तरंग तथा बोर कक्षा के बीच समानता

एक पूर्ण परिक्रमण में इलेक्ट्रॉन के द्वारा बनाई गई तंरगों की संख्या = $\frac{2\pi r}{\lambda}$ = n (कोश संख्या)

2. हाइजेनबर्ग अनिश्चितता सिद्धान्त

1927 में वर्नर हाइजेनबर्ग ने एक नियम दिया जिसे हाइजेनबर्ग की अनिश्चितता का सिद्धान्त कहाँ जिसके अनुसार 'इलेक्ट्रान के समान किसी छोटे कण की निश्चित स्थिति और निश्चत संवेग को एक साथ ज्ञात करना असम्भव है।'

हाइजेन बर्ग के अनुसार स्थिति में अनिश्चतता (Δx) तथा संवेग में अनिश्चतता (Δp) या $\Delta(mv)$ मे निम्न संबन्ध होता है।

$\Delta x \,.\, \Delta p \geq \frac{h}{4\pi}$ या $\Delta x \,.\, \Delta(mv) \geq \frac{h}{4\pi}$

(यहाँ h प्लाँक नियतांक है।)

एक इलेक्ट्रान जिसका द्रव्यमान $m(9.10 \times 10^{-28} g)$ है के लिए अनिश्चतता गुणनफल का मान बहुत अधिक होता है।

$\Delta x \,.\, \Delta v \geq \frac{h}{4\pi m}$

$\Delta x \,.\, \Delta v \geq \frac{6.624\times10^{-27}}{4\times3.14\times9.10\times10^{-28}}$ = 0.57 अर्ग/ग्राम लगभग

$\Delta x\, \Delta v$ को अनिश्चतता गुणनफल कहते है

जब $\Delta x = 0, \Delta v = \infty$ तथा इसके विपरीत बड़े कण की स्थिति में (मान्य योग्य द्रव्यमान) अनिश्चितता गुणनफल का मान नगण्य होता है। यदि स्थिति सही ज्ञात हो अर्थात Δx बहुत कम हो तो, Δv बड़ा हो जायेगा।

गति के अन्य नियमानुकूल युग्मित हाइजैन बर्ग अनिश्चतता सिद्धान्त के लिए समीकरण दी गई

$\Delta E\, \Delta t \geq \frac{h}{4\pi}$ (ऊर्जा तथा समय के लिए)

$\Delta\phi\, \Delta\theta \geq \frac{h}{4\pi}$ (कोणीय गति के लिए)

इस सिद्धान्त के आधार पर एक परमाणु में एक इलेक्ट्रान का बोर चित्रण जो कि स्थिर कक्षा में, निश्चित स्थिति देता है से हम एक इलेक्ट्रान के दिये गये समय में त्रिविम के दिये गये भाग में प्रायिकता वेग के साथ पाये जाने की संभावना को समझ सकते है। नाभिक के चारों ओर का वह स्थान या त्रिविमिय भाग जहाँ विशिष्ट ऊर्जा वाले एक e^- पाये जाने की प्रायिकता अधिक हो तो वह परमाण्विक कक्षक कहलाता है।

3. श्रोडिंगर तरंग समीकरण

किसी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की प्रकृति का अध्ययन श्रोडिंगर तंरग समीकरण के हल द्वारा भी किया जा सकता है।

$\frac{\delta^2\psi}{\delta x^2}+\frac{\delta^2\psi}{\delta y^2}+\frac{\delta^2\psi}{\delta z^2}+\frac{8\pi^2 m}{h^2}(E-v)\psi=0$

ψ - तरंग फलन

ψ^2 - इलेक्ट्रॉन के पाये जाने की संभावना

E - कुल ऊर्जा

v - स्थितिज ऊर्जा

परमाणु के नाभिक के क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉन का तंरग फलन (ψ) परमाण्विक कक्षक कहलाता है, यह एक त्रिविमीय आयाम है। $\psi^2\delta v$ एक परमाणु के द्वारा घेरे गये आयतन का δv में इलेक्ट्रॉन के पाये जाने की संभावना है। श्रोडिंगर समीकरण का हल तीन क्वांटम संख्या (n, *l*, m) का समूह प्रदान करता है।

PRACTICE SECTION-03

Q.1 कौनसा इलेक्ट्रॉनिक संक्रमण Li^{2+} में हाइड्रोजन की लाइमन श्रृंखला में प्रथम रेखा की तरह समान तरंगदैर्घ्य की विकिरण उत्पन्न करता है?

(1) n = 4 से n = 2 (2) n = 9 से n = 6 (3) n= 9 से n = 3 (4) n = 6 से n = 3

